## प्रश्न- FTP क्या होता है ?

FTP का पूरा नाम File Transfer Protocol है, इसका उपयोग एक कंप्यूटर से दूसरे कंप्यूटर के बीच फाइल ट्रान्सफर करने के लिए किया जाता है। FTP एक प्रकार का Protocol है जो की दो सिस्टमों के बीच फाइलों को आदान-प्रदान के लिए कुछ नियमों को यह निर्धारित करता है |

मैं आपको बता दूँ की FTP protocol बहुत ही पुराना प्रोटोकॉल है और आज भी इसका उपयोग हो रहा है ये टूल उन लोग यूज करते हैं जो वेबसाइट पर काम करते हैं |

मैं आपको बता दूँ की जब कोई Web developer वेबसाइट बनाता है तो उस वेबसाइट के files को सर्वर पर upload करना होता है और इस काम के लिए FTP का उपयोग किया जाता है जो की बड़े-बड़े फाइलों को Server पर Upload, Download, Rename, Delete, Copy और Move इत्यादि करने में मदद करता है


# लैपटॉप या डेस्कटॉप कंप्यूटर में इन्टरनेट कैसे चलाते हैं ?

उत्तर- लैपटॉप या कंप्यूटर में इन्टरनेट चलाने के कई साधन हैं, मैं आपको बारी-बारी से सभी साधान के बारे में बताउँगा |

(i) अगर आपके लैपटॉप या डेस्कटॉप कंप्यूटर में Wi-Fi सिस्टम है तब आप आसानी से इन्टरनेट का इस्तेमाल कर सकते हैं और अगर आपके लैपटॉप या कंप्यूटर में Wi-Fi सिस्टम नहीं है फिर भी आप Wi-Fi का यूज कर सकते हैं |

## अगर आपके लैपटॉप या कंप्यूटर में Wi-Fi दिया हुआ है तो:-

सबसे पहले आप अपने लैपटॉप या डेस्कटॉप कंप्यूटर में Wi-Fi On करें उसके बाद अपने मोबाइल या अलग से खरीदी गयी Wirless Router में Hotpot On करें और उसके बाद उसपर क्लिक करके कनेक्ट कर लें -




## अगर आपके लैपटॉप या कंप्यूटर में Wi-Fi नहीं है तब:-

✍ अगर आपके लैपटॉप या डेस्कटॉप कंप्यूटर में Wi-Fi सिस्टम में नहीं है तब आपको अलग से एक Wi-Fi Dongle खरीदना पड़ेगा और उसको अपने लैपटॉप या डेस्कटॉप कंप्यूटर में लगाना होगा साथ ही उसके साथ एक CD भी देगा उसको अपने कंप्यूटर या लैपटॉप में डालकर इंस्टाल करना होगा, उसके बाद आप मोबाइल या अलग से खरीदी गयी Wireless Router में Hotpot On करके इन्टरनेट चला सकते हैं.........












मोबाइल

वायरलेस राउटर

आप दोनों में किसी एक का इस्तेमाल कर सकते हैं

(ii) USB Cable के द्वारा भी आप इन्टरनेट का इस्तेमाल कर सकते हैं-




इस Cable को आपको एक साइड मोबाइल और एक साइड कंप्यूटर या लैपटॉप में कनेक्ट करना है उसके बाद आपको मोबाइल में इन्टरनेट On करना है, फिर मोबाइल में ये सब करना होगा:-

Step (1) Go To Setting

Step (2) Then Click Protable Hotpot

Step (3) Then, "On" Portable Hotspot

इतना करते ही आपका लैपटॉप या डेस्कटॉप कंप्यूटर में "इन्टरनेट" कनेक्ट हो जायेगा-

(iii) आप Modem के जरिये भी लैपटॉप या डेस्कटॉप कंप्यूटर में इन्टरनेट चला सकते हैं-




जब आप इसको अपने लैपटॉप या कंप्यूटर में लगायेंगे तो सबसे पहले ये अपना एक Driver इंस्टाल करेगा तब ये कनेक्ट होगा-

इसके अन्दर आपको एक सिम कार्ड लगाना पड़ेगा जिसमें की इन्टरनेट पैक हो

## ये भी जान लें

**प्रश्न- Wi Fi क्या होता है ?**

उत्तर- Wi Fi का पूरा नाम Wireless Ffidelity होता है जो  कि एक Wireless Network तकनीक है | यह  Mobile, Computer तथा अन्य Devices को Wireless Signal से जोड़ती है, जो की बिना Wire Cable के हमारे Device में आसानी से Connect हो जाता है |

✍ मैं आपको बता दूँ की Wi Fi का एक निर्धारित Area होता है वो उतनी ही दूरी तक कोई भी डिवाइस को Connect कर सकता है |

**प्रश्न- Hotspot क्या होता है ?**

उत्तर- Hostpot एक ऐसा साधन है जिसके जरिये आप एक डिवाइस से दूसरे डिवाइस में इन्टरनेट कनेक्ट कर सकते हैं | आजकल सभी मोबाइल फोन में Hotspot दिया जाता है जो की इन्टरनेट ट्रान्सफर करने की बहुत बढ़िया साधन है....

**प्रश्न- Modem क्या होता है?**

उत्तर- Modem एक ऐसा इनपुट डिवाइस जो Digital Signal को Analog Signal और Analog Signal को Digital Signal में परिवर्तित करता है जिसके जरिये हम अपने कंप्यूटर में आसानी से इन्टरनेट चला सकते हैं |

Modem दो शब्दों से मिलकर बना है-

MO: Modulator- डिजिटल सिग्नल को एनालॉग सिग्नल में परिवर्तित करना

Dem: Demodulator- एनालॉग सिग्नल को डिजिटल सिग्नल में परिवर्तित करना

# इन्टरनेट कोर्स:चौथा दिन

## Browser या Web Browser क्या होता है ? और कौन-सा Browser सबसे अच्छा होता है?


उत्तर- यह एक प्रकार का सॉफ्टवेयर है जो की Mobile, Computer, Tablet इत्यादि के लिए हो सकता है | इसकी सहायता से आप वर्तमान में इन्टरनेट पर उपलब्ध सारी जानकारी जैसे- Image, Audio, Video, Documents इत्यादि की जानकारी पाने, देखने या खोजने के लिए कर सकते हैं |

मैं आपको बता दूँ की किसी भी "Web page" को सर्च करने के लिए हम सबसे पहले Browser में URL यानी Uniform Resourse Locator को टाइप करते हैं तभी वो वेब पेज हमारे पास दिखती है | अगर कोई जानकारी Google या अन्य किसी सर्च इंजन से लेना चाहते हैं तब आपको Browser में उस सर्च इंजन का URL लिखना पड़ेगा जैसे की "www.google.com". मेरे कहने का मतलब Web Browser "Web Page" को ढूंढने का कार्य करती है |

| आपका Confusion |
|---|
| **Web Page क्या होता है-** वैसा डाक्यूमेंट्स जो की Browser में दिखाया जाता है या आप ये भी कह सकते हैं की Browser की सहायता से जब हम किसी भी वेबसाइट को Open या Search करते हैं तो जो आपके सामने Current Page दिखाई देता है उसे ही "web page" कहा जाता है |<br><br>एक वेबसाइट में कई "web page" हो सकते हैं जो की basically "HTML" या अन्य programming language के द्वारा लिखा जाता है | |
| **URL क्या होता है –** सरल भाषा में बताऊँ तो URL किसी भी Website तक पहुँचने का एक Address होता है | साथ ही साथ मैं आपको बता दूँ की सभी वेबसाइट का URL अलग-अलग होता है ताकि लोग उस वेबसाइट तक आसानी से पहुँच सकें | |

# कुछ ब्राउज़र के नाम

(i) Google Chrome- **“Google Chrome”** जिसे हमलोग सिर्फ Chrome के नाम से भी जानते हैं | ये Popular और सबका चाहिता Browser है, जिसे Google कंपनी ने सन 2008 में बनाया था |




✍ इस Browser की मदद से आप किसी भी Webpage को अगर सर्च करते हैं तो बहुत जल्दी उसका Result दे देता है | साथ ही साथ ये 50 से अधिक भाषायों को सपोर्ट कर लेता है |

Availabel Browser For- Windows, Linix, Mac, Ios & Android

(ii) Mozila Firefox- “Mizila Firfox” जिसे हमलोग Firefox के नाम से भी जानते हैं | ये Browser “Chrome” Browser से थोड़ा कम Popular है, सिर्फ Mobile के लिए कम पोपुलर है मगर फिर भी ठीक-ठाक है, इसको Mozila Coporation/Mozila Foundation ने सन 2002 में बनाया था |




Available Browser For- Windows, Linix, Mac, Ios & Android

(iii) Opera – “Opera Browser” 1995 में “Opera Limited” द्वारा बनाया गया था | ये भी ब्राउज़र काफी अच्छा है और ये भी कई सारे भाषायों को सपोर्ट करता है |





(iv) Safari- “Safari Browser” 2003 में “Apple” कंपनी के द्वारा बनाया गया था | ये ब्राउज़र Apple यूज करने वालों के लिए काफी अच्छा है |





(v) Internet Explorer- “Internet Explorer” 1995 में Microsoft कंपनी के द्वारा बनाया गया था जो की सभी Windows कंप्यूटर में By Default दिया हुआ रहता है |



✍ Finally आपने देखा की कितने सारे Web Browser होते हैं मगर उनमें से सबसे ज्यादा पूरी दुनियाँ में प्रयोग होने वाला ब्राउज़र Google Chrome है इसलिए मैं आपको Google Chrome का Notes देनेवाला हूँ





(1) Search Google Or Type a URL- आप इसके अन्दर किसी वेबसाइट का URL, उसका नाम या अन्य चीजों को खोजने या उसके बारे में जानने के लिए यहाँ पर उसका नाम दर्ज करें उसके बाद सर्च कर दें, उसका परिणाम आपके सामने दिख जायेगा |



(2) Add Shortcut – ये एक ऑप्शन होता है जिसको बनाकार आप एक बार में किसी भी URL को Open कर सकते हैं जैसे :-

पहले Add Shortcut पर क्लिक करें,
उसके बाद Name और URL डालें,
उसके बाद Done पर क्लिक करें




उसके बाद आपके Google Chrome के ब्राउज़र में ऐसा दिखेगा :-

